दिन– शुक्रवार दिनांक– 03/01/2025

प्रसार भारती
(भारत का लोक सेवा प्रसारक)
प्रादेशिक समाचार एकांश
आकाशवाणी, पटना

प्रसारणः– अपराह्न 03:10 बजे से। अवधिः– 05 मिनट

---

बिहार लोक सेवा आयोग की सत्तरवीं संयुक्त एकीकृत प्रारंभिक प्रतियोगिता परीक्षा रद्द करने की मांग को लेकर प्रदेशभर में छात्र प्रदर्शन कर रहे हैं। राजधानी पटना में सांसद पप्पू यादव के नेतृत्व में छात्रों ने सचिवालय हॉल्ट स्टेशन पर ट्रेन रोककर प्रदर्शन किया। प्रदर्शनकारियों ने पटना–बाईपास को भी जाम कर नारेबाजी की। राजद छात्र संगठन, एनएसयूआई, एआईएसएफ और एआईएसए समेत विभिन्न छात्र संगठन पटना में प्रदर्शन कर रहे हैं। प्रदर्शनकारी सीएम आवास के घेराव के लिए गांधी मैदान से निकले थे, लेकिन पुलिस ने डाकबंगला चौराहे पर सभी को रोक दिया है। हमारे संवाददाता ने बताया कि मधेपुरा में भी छात्रों ने ट्रेन रोककर प्रदर्शन किया। सासाराम, औरंगाबाद, लखीसराय, सहरसा, सुपौल, किशनगंज, भागलपुर और अररिया समेत विभिन्न जिला मुख्यालयों में भी छात्रों का प्रदर्शन जारी है।

————————————————————

इस बीच, बिहार लोक सेवा आयोग ने कहा है कि पटना के बापू परीक्षा परिसर की रद्द हुई सत्तरवीं एकीकृत संयुक्त प्रारंभिक प्रतियोगिता परीक्षा कल पटना के बाईस केन्द्रों पर आयोजित की जायेगी। आयोग ने शांतिपूर्ण और निष्पक्ष परीक्षा के आयोजन को लेकर व्यापक प्रबंध किए हैं।

————————————————————

बिहार विधान परिषद के तिरहुत स्नातक निर्वाचन क्षेत्र के नवनिर्वाचित विधान पार्षद वंशीधर ब्रजवासी ने आज सदन के सदस्य के रूप में शपथ ली। सभापति अवधेश नारायण सिंह ने उन्हें शपथ दिलाई। बाद में संवाददाताओं से बातचीत में श्री ब्रजवासी ने कहा कि वे शोषण के खिलाफ आवाज उठाते रहेंगें।

————————————————————

राज्य सरकार ने कहा है कि आकांक्षी जिला कार्यक्रम के तहत तेरह जिलों में विकास परियोजनाओं के लिए दो सौ पच्चीस करोड़ रूपये की राशि आवंटित की गई

है। योजना और विकास विभाग के मंत्री बिजेन्द्र प्रसाद यादव ने आज पटना में संवाददाताओं से बातचीत में यह जानकारी दी। उन्होंने बताया कि नीति आयोग द्वारा अगस्त दो हजार चौबीस की जारी रैंकिंग में बेगूसराय जिले को देशभर में पहला स्थान मिला है। वहीं, नवादा और सीतामढ़ी जिला तीसरे स्थान पर रहा। श्री यादव ने बताया कि आकांक्षी प्रखंड कार्यक्रम के लिए नीति आयोग द्वारा जारी पहली डेल्टा रैंकिंग में सीवान जिले के आंदर प्रखंड को समग्र प्रदर्शन के लिए देशभर में पहला स्थान मिला है। कार्यक्रम के तहत राज्य के सत्ताईस जिलों के इकसठ प्रखंड शामिल हैं।

———————————————————————

शिक्षा विभाग ने कहा है कि विशेष परिस्थिति में स्थानांतरण के लिए एक लाख नब्बे हजार शिक्षकों ने आवेदन दिया है। प्राथमिक शिक्षा निदेशक पंकज कुमार ने बताया कि प्राप्त आवेदनों का निष्पादन चरणबद्ध तरीके से किया जायेगा। प्रथम चरण में असाध्य रोग, शारीरिक और मानसिक दिव्यांगता से पीड़ित शिक्षकों तथा विधवा और परित्यक्त महिला शिक्षिकाओं का स्थानांतरण होगा। वहीं, दूसरे चरण में पति–पत्नी के पदस्थापन के आधार पर स्थानांतरण होगा। तीसरे चरण में ऐच्छिक स्थान से वर्तमान पदस्थापन की दूरी के कारण शिक्षिकाओं से प्राप्त आवेदन और चौथे चरण में पुरूष शिक्षकों से प्राप्त आवेदन के आधार पर स्थानांतरण किया जायेगा।

———————————————————————

पूरा प्रदेश कड़ाके की ठंड की चपेट में है। मौसम विभाग से प्राप्त जानकारी के अनुसार अधिकांश स्थानों का न्यूनतम तापमान दस डिग्री सेल्सियस से नीचे चला गया है। पिछले चौबीस घंटों के दौरान पांच दशमलव चार डिग्री सेल्सियस न्यूनतम तापमान के साथ बांका राज्य का सबसे ठंडा स्थान रहा। वहीं, बांका, वैशाली और जमुई में शीत दिवस की स्थिति बनी रही। मौसम पूर्वानुमान में कहा गया है कि अगले चौबीस घंटों के दौरान बक्सर, औरंगाबाद, अरवल, कैमूर, गया, पूर्वी चंपारण और पश्चिमी चंपारण जिले में कुछ स्थानों पर शीत दिवस रहने की संभावना है। दो दिनों तक तापमान में कोई विशेष परिवर्तन नहीं होगा। इसके बाद अगले तीन दिनों में न्यूनतम तापमान में दो से चार डिग्री सेल्सियस की बढ़ोतरी हो सकती है।

———————————————————————

समाप्त